प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 19वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान मेला

पूसा कृषि विज्ञान मेला आज नई दिल्ली में शुरू हुआ। तीन दिवसीय मेले का विषय उन्नत कृषि–विकसित भारत है। केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेती भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि किसानों और कृषि के बिना विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है।

## उद्योग मंत्री

ऊना जिला के हरोली में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के लिए सभी जरूरी निविदाएं 8 मार्च से पहले जारी की जाएगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई बल्क ड्रग पार्क इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उच्च स्तरीय समिति बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस महत्त्वपूर्ण परियोजना के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि इसे समयबद्ध पूर्ण किया जा सके।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार पूरी तरह दिशाहीन हो गई है और प्रदेश में हर तरह का माफिया सक्रिय है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशा, खनन और अपराध चरम पर है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार को अपना तानाशाही रवैया छोड़ कर जनता की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

पुरस्कार

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में ओवरऑल बेहतरीन रैंकिंग पर चंबा को पांच करोड़ रूपए की धनराशि पुरस्कार के तौर पर दी गई है। आकांक्षी ज़िलों में चंबा देशभर में दूसरे स्थान पर रहा है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने ये जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग की ओर से वर्ष 2024 में ओवरऑल बेहतर प्रदर्शन पर ये धनराशि प्राप्त हुई है और अब इसके उपयोग के लिए नीति आयोग को 10 मार्च तक प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

मौसम

प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं–कहीं आज दोपहर बाद से हल्की बर्फबारी हो रही है। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चम्बा ज़िला में पिछले दिनों हुई बर्फबारी से बंद सड़क मार्गों को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि बर्फबारी से 97 सड़क मार्ग, करीब 2 सौ बिजली के ट्रांसफार्मर और जल शक्ति विभाग की कई पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार का पिछले सवा दो वर्ष का कार्यकाल जनता के लिए मुश्किलों भरा रहा है। वे आज नाहन में सोलन व सिरमौर ज़िला भाजपा की कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं के साथ धोखा व अन्याय किया है और सरकार ने झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम किया है।

डीसी शिमला

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ज़िले में सूखे जैसी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सूखे के कारण जंगलों में लगने वाली आग से बहुमूल्य वन संपदा को काफी नुकसान होता है जिसे आपसी तालमेल व तत्परता से रोका जा सकता है।

-----------------------------------------------------------------------------